## सामूहिक विवाह सम्मेलन का दिया न्यौता

**भीलवाड़ा।** स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद चौपड़ा के नेतृत्व में प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली व आचार्य ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष देवकिशन आचार्य ने राज्यसभा सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से पाली उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें फूलो का गुलदस्ता व मिठाई भेंट कर समाज की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन कर दीपावली की बधाई दी और उन्हें अखिल भारतीय आचार्य ब्राह्मण सेवा संघ के तत्वावधान में 12 नवम्बर को नगर निगम भीलवाड़ा के चित्रकूट धाम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन व सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने का निमंत्रण दिया गया। साथ ही सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर भी विस्तार से समाज के बारे में चर्चा की गई ओर उन्होंने आश्वस्त किया कि वे 12 नवम्बर को नव युगलों को आशीर्वाद देने जरूर पहुंचेंगे। इस अवसर पर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष झंवरीलाल काकरिया, भंवर लखेरा, अशोक भण्डारी व उदयलाल माली भी उपस्थित थे।

# दीपावली त्योंहार पर बिगड़ी शहर की सफाई व्यवस्था



दरगाह बाजार के मुख्य मार्ग पर पड़ा कचरा तथा एक दुकान के बाहर बिखरा कचरा।

- दरगाह बाजार मुख्य मार्ग पर फैली गंदगी
- जियारत के लिए आने वाले जायरीन सहित दुकानदार परेशान

**अजमेर,**(कासं)। दीपावली त्योंहार के मद्देनजर पिछले चार दिनों से दरगाह क्षेत्र में सफाई नहीं होने से ख्वाजा साहब की दरगाह के निकट दरगाह बाजार में फैली गंदगी से कचरे के ढेर जगह-जगह जमा हो गए तो वहीं नालियां चौक होने से गंदा पानी भी सडकों पर आ गया, जिससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैलने से देशभर से ख्वाजा साहब की दरगाह में जियारत करने के लिए अजमेर आने वाले जायरीन सहित दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों का आरोप है कि नगर निगम प्रशासन सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

दरगाह बाजार का यह इलाका अजमेर का सबसे भीड़-भाड़ वाला माना जाता है, जहां विशेषकर त्योहारी सीजन में जायरीन की संख्या में भारी वृद्धि होती है। दीपावली अवकाश के चलते इस समय लाखों की संख्या में लोग अजमेर दरगाह जियारत के लिए आते हैं, जिससे बाजार में भीड़ खचाखच भरी रहती है। ऐसे में सफाई नहीं होने पर जायरीन और दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**दुकानदारों का आरोप, बेपरवाह निगम प्रशासन :** दरगाह बाजार के दुकानदारों का कहना है कि पिछले चार दिनों से कोई भी सफाई कर्मचारी नहीं आया है, जिसके चलते बाजार की हालत दिन-पर-दिन बदतर होती जा रही है। जगह-जगह लगे कचरे के ढेर और फैली गंदगी से राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या की ओर कई बार निगम प्रशासन को अवगत करायाए लेकिन कचरा नहीं उठाया गया है।

**जायरीन की परेशान, बदबू से बेहाल :** दरगाह की ओर जाने वाले जायरीन बदबू और गंदगी से बेहद परेशान हैं। जायरीन का कहना है कि वे अजमेर दरगाह के पवित्र स्थल पर श्रद्धा भाव से आते हैं, लेकिन सफाई की कमी और कचरे के ढेरों के कारण यहां का वातावरण दूषित और असुविधाजनक हो गया है। दुकानदारों ने निगम प्रशासन से दरगाह बाजार की सफाई व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## सार-समाचार

### मासिक बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम संपन्न

**भीलवाड़ा।** मासिक बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम माहेश्वरी समाज संपत्ति ट्रस्ट भवन, नागोरी गार्डन, भीलवाड़ा में अशोक काबरा कोषाध्यक्ष, माहेश्वरी समाज सम्पत्ति ट्रस्ट, उर्मिला जी तापड़िया, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला माहेश्वरी महिला मंडल, नोखा, सम्पत माहेश्वरी, श्रवण समदानी, सुनील मूंदड़ा, औम प्रकाश सोमानी, कैलाश सामरिया, सत्यनारायण तोशनीवाल ने दीप प्रज्वलकर कार्यक्रम शुभारंभ किया। श्रवण समदानी ने बताया कि भीलवाड़ा मुख्यालय के अतिरिक्त चित्तौड़, उदयपुर, मनासा में शाखाएं सेवारत है जिसमें सभी बायोडाटा भीलवाड़ा मुख्यालय के तर्ज पर ही उपलब्ध है जहां प्रत्येक रविवार को यह सेवाएं उपलब्ध रहती है। नोखा, चित्तौड़गढ़, कोटा, भीलवाड़ा शहर, ठाामीण क्षेत्र के अभिभावक परिचय पत्रक अवलोकन हेतु उपस्थित हुए। औम प्रकाश सोमानी ने बताया कि अब तक 1808 संबंध हुए है । सुनील मूंदड़ा ने जानकारी दी कि कार्यालय में युवको के 3940 व युवतियों के 6600 बायोडाटा संजोकर रखे गए है। मुख्य संयोजक सुनील मूंदड़ा, ओम प्रकाश सोमानी, श्रवण समदानी ने सबका आभार व्यक्त किया व धन्यवाद दिया।

### कालीपूजा महोत्सव मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा निकाली

**बिजयनगर** (निसं.)। बंगाली नवयुवक मंडल के तत्वाधान में आयोजित श्री श्री श्यामा काली पूजा महोत्सव के रविवार को पूर्णाहुति होने के पश्चात मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गी से होकर निकाली गई। चार दिवसीय पूजा महोत्सव के तहत बंगाली समाज द्वारा पारंपरिक रूप से विधि विधान के साथ श्री श्री श्यामा काली माता की पूजा अर्चना करते हुए सुख समृद्धि की कामना की गई। शोभायात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर वैष्णव भवन से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मागी से होते हुए समीप खारिया तालाब विसर्जन के लिए पहुंचीजहां परपारंपरिक रूप से श्री श्री श्यामकाली मूर्ति विसर्जन किया गया। शोभायात्रा के दौरान बंगाली समाज के युवक-युवतियां डीजे की धुनों पर नाचते थिरकते शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। शोभायात्रा के दौरानबंगाली नवयुवक मंडल के अध्यक्ष डॉ ए के विश्वास सुनील विश्वास वासुदेव मंडल बबलू पारेल रवि हलदर निमाई सरकार बबलू कृतनीया डॉ कमल विश्वास प्रफुलू सेठ सुबीर मंडल निर्मल माना गौतम बाला सहित नवयुवक मंडल के सदस्य पदाधिकारी एवं मातृशक्ति शोभायात्रा में शामिल हुए।

### सामान्य प्रेक्षक पहुंचे डूंगरपुर

**डूंगरपुर।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चौरासी विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री के. विवेकानंदन को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक विवेकानंदन रविवार को डूंगरपुर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में उन्होंने अधिकारियों से चौरासी विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्रों की संख्या, मतदान केंद्रों में बुनियादी सुविधाएं, मतदान दलों का प्रशिक्षण, ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन, कमीशनिंग, डाक मतदान, वेब कास्टिंग, सुरक्षा व्यवस्था, एसएसटी, एफएसटी दलों द्वारा कार्यवाही सी-विजिल एप पर शिकायतों का निपटारा, आचार संहिता की पालना, कानून व्यवस्था आदि की जानकारी ली। सामान्य प्रेक्षक श्री विवेकानंदन ने कहा कि मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, व्हील चेयर व अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हों। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सामान्य प्रेक्षक श्री के. विवेकानंदन ने बताया कि विधानसभा उप चुनाव-2024 के संदर्भ में आमजन अपनी परिवेदना के लिए मोबाइल नंबर 7726823742 पर सीधे संपर्क कर सकते हैं। सुबह 10 से 11 बजे तक सर्किट हाउस, डूंगरपुर के कमरा नंबर 104 में व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी अपनी परिवेदना लिखित रूप में दे सकते हैं।

### लालीवाव में धूमधाम से मनाया अन्नकूट महोत्सव

**बांसवाड़ा** । लालीवाव मठ में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर महंत हरिओमदास महाराज के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान पद्मनाभ की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार कर छप्पन भोग धराये गये। महोत्सव के अन्तर्गत मठ के प्रधान देवता भगवान श्रीपद्मनाभ की पांच वृहद महा आरतियां उतारी गई। महामण्डलेश्वर हरिओमदास महाराज ने बताया कि भगवान पद्मनाभ का हर उत्सव-पर्व एवं त्यौहार पर विशेष मनोहारी श्रृंगार होता है और इसी परम्परा में इस वर्ष अन्नकूट के उपलक्ष में भगवान पद्मनाभ की विशेष झांकी तैयार की गई। बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान की अद्भुत झांकी के फोटो भी लिए। महंत हरिओमदास महाराज ने भक्तों को गोवर्धन पूजन का महत्व बताया और इसकी पौराणिक कथा सुनाते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा एवं परिक्रमा से जीवात्मा के सभी पाप कर्म नष्ट होते हैं। इस अवसर पर भगवान के मनोहारी एवं आकर्षक श्रीविठाह एवं परिकर के दर्शन के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### डॉ. यादव को ज्योतिबा फुले सम्मान से नवाजा

**बांसवाड़,**। वागड़ के युवा साहित्यकार डॉ. कान्ति लाल यादव को बिहार की राजधानी पटना में जन लेखक संघ की ओर से ज्योतिबा फुले सम्मान से सम्मानित करने पर वागड़ के साहित्यकारों ने हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ साहित्यकार सतीश आचार्य ने डॉ. यादव के वागड़ आगमन पर शोल ओढ़ाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व नर्सिंग अधीक्षक शंकर लाल यादव, आकाश संडेरा, डॉ. शुभम यादव, रीना यादव, आंचल यादव, नित्यम यादव, जगदीश बंजारा, राकेश, मीना यादव, मनाली संडेरा, शांता यादव ने भी डॉ. यादव का स्वागत किया।

### निःशुल्क जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा

**राजसमंद,** । राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो चुके अधिकारी कर्मचारियों को अपनी पेंशन जारी रखने के लिए प्रतिवर्ष 1 नवंबर से 3० नवंबर के बीच अपना जीवन प्रमाण पत्र कोष कार्यालय में देना होता है। राजस्थान राज्य सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी महासंघ के संभाग महामंत्री प्रभु गिरि गोस्वामी तथा जिलाध्यक्ष घनश्याम जोशी ने बताया कि यह सुविधा ऑनलाइन तथा हार्ड कॉपी द्वारा भी स्वीकार की जाती है। उन्होंने बताया कि यदि कोई सेवानिवृत्त हार्ड कॉपी के द्वारा जीवन प्रमाण पत्र कोष कार्यालय में देना चाहता है तो वह प्रारूप पलवल जनरल स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध करवा दिया जाएगा तथा उसे भरवाने एवं राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर के लिए भी पूर्ण मदद की जाएगी। साथ ही उसे कोष कार्यालय में पहुँचाने में भी मदद की जाएगी। जो कोई भी सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी अपना जीवन प्रमाण पत्र भरना चाहे वह यहां पर संपर्क करके इस प्रमाण पत्र को प्राप्त कर सकता है।

### पोरवाड सलुम्बर में बने पर्यवेक्षक

**राजसमंद,** । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एससी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा की अनुसंशा पर राजस्थान में हो रहें विधानसभा उपचुनाव में पार्टी को मजबूत करने एवं पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में काम करने के लिए अपनी टीम को मैदान में उतारा है। इसके तहत राजसमंद कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष परसराम पोरवाड को सलुम्बर उपचुनाव में बतौर पर्यवेक्षक लगया है। जहां डॉक्टर्स ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस और परिजन सागवाड़ा अस्पताल पहुंचे।

### गणेश मेले में उमडा जन सैलाब

**डूंगरपुर।** दीपावली के बाद भाई-दूज का त्यौहार परम्परागत श्रद्वां व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर से 2 किलोमीटर दूर स्थित मुरला गणेश मंदिर पर मेले का आयोजन किया गया जिसमे शहर व आसपास के ठाामीण जनों ने भाग लिया। तथा मेले का उत्साह के साथ आनंद उठाया। इस अवसर पर मुरला गणेश मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा का सिंह पर आसन की मनोहारी झांकी तैयार की तथा भगवान गणेश की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। मेले में लोगों के आने का क्रम प्रारंभ हो गया तथा मेले में लगे झूलें विभिन्न मनीहारी की स्टॉलों तथा गन्नों की खरीददारी में आम जन जुटा रहा। वही शहरवासी अपने साथ विभिन्न प्रकार के पकवान भी बना कर अपने साथ ले गये तथा भगवान गणेश की दर्शनार्थ के बाद वहां स्थित बगीचें मे सामहिक रूप से पकवानों का आनंद लिया।

## सूर्य आराधना का चार दिवसीय छठ पर्व 5 से

**अजमेर,** । उत्तर प्रदेश व बिहार का चार दिवसीय प्रमुख पर्व सूर्यषष्ठी पूजन 5 नवम्बर को नहाय खाय के साथ परंपरागत रूप से शुरू होगा, जो 8 नवम्बर तक चलेगा। पूर्वोत्तर भारतीय क्षेत्र के निवासी सूर्य आराधना के चार दिन छठ पर्व के रूप में मनाते हैं। कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से सप्तमी तक चलने वाले इस पर्व में स्त्री-पुरुष सुख सुविधा त्यागकर साधारण जीवन व्यतीत करते हैं।

इस दौरान वे जमीन पर सोते हैं और निर्धारित सब्जियां ही खाते हैं। 4 नवंबर सोमवार को चतुर्थी के अवसर पर महिलाएं नहा धोकर शुद्ध होकर स्वयं ही बिना प्याज लहसुन की लौकी की सब्जी बनाएंगी, जिसे खाकर व्रत का संकल्प लेंगी।

इस व्रत में शुद्धता का पूरा ख्याल रखा जाता है। व्रत के दूसरे दिन पंचमी के अवसर पर बुधवार को खरना होगा। व्रतधारी दिनभर निर्जला व्रत रखकर खरना की रस्म अदा करेंगे। इस दिन रोटी और गुड़ की खीर बनाई जाती है।

वह खीर रात में तारों की छांव में खाई जाती है। इसी दौरान पानी और खाना होता है। इसके बाद न ही तो खाना खाया जाता है और न ही पानी पिया जाता है।

इसके साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है, जो सप्तमी के दिन सुबह सूर्योदय के साथ संपन्न होगा। 7 नवंबर की शाम को डूबते सूरज का पूजन किया जाएगा, 8 नवंबर को सुबह उगते हुए सूरज का पूजन होगा।

## सीपी जोशी का जन्मदिन कल

**जयपुर,** । भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौडगढ सांसद सीपी जोशी का जन्मदिन सोमवार को सामाजिक सरोकार के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने व्यापक तैयारी की है। विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर, चिकित्सा शिविर, वृक्षा रोपण होगा, मंदिरों में पूजा अर्चना, अस्पतालों और अन्य स्थानों पर जरूरत मंदों को भोजन एवं फल वितरित करने सहित अनेक प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्य किए जाऐंगे। सांसद सीपी जोशी अपने जन्मदिन की शुरूआत दुर्ग स्थित कालिका माता के दर्शन से करेंगे, इसके बाद प्रात: 8:30 बजे गोपाल गौशाला में गौमाता के लापसी भोग लगाकर गुड व चारा खिलाएंगे। 9:30 बजे पुराना चिकित्सालय भवन में 5 दिवसीय फिजियोथैरेपी का शुभारंभ होगा।

## यूनेस्को ने गरीब परिवारों के बच्चों के साथ मनाई दिवाली

**भीलवाड़ा।** जिला यूनेस्को एसोसिएशन द्वारा भारत के राष्ट्रीय पर्व दीपावली के अवसर पर स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली के सानिध्य में यूनेस्को क्लब के सदस्यों ने नए अंदाज में दीपावली मनाई। एक तरफ जहां खुद के घरों को संवारने व अपने बच्चों के लिए मिठाई व पटाखे की व्यवस्था में जुटे हैं। वहीं यूनेस्को सदस्यों ने झुग्गी झोपड़ियों के गरीब महिलाओं व बच्चों के साथ दीपावली मनाई।

प्रदेश संयोजक माली ने कहा कि आज भी कच्ची बस्तियों में मौलिक सुविधाएं उनके परिवार को नहीं मिल पा रही है। इन सब बातों को दृष्टिगत रखते हुए यूनेस्को क्लब द्वारा कच्ची बस्तियों व झुग्गी झोपडियों में दीपावली मनाने का निर्णय किया गया। दीपावली खुशियों का त्योहार है। सभी लोग अपने-अपने तरीके से इसे मनाते हैं, पर गरीबों के यहां दीपावली की खुशियों में आर्थिक तंगी आड़े आ जाती है। यूनेस्को ने ऐसे बच्चों के बीच खुशियां बांटी। उन्होंने उनके साथ मिलकर दीपावली का त्योहार मनाया।

यूनेस्को टीम जैसे ही बस्ती में पहुंची बच्चों के बीच खुशियों की लहर दौड़ गई। इन बच्चों के चेहरों पर खुशियां लाने के लिए नई पहल करते हुए प्रत्येक परिवार को एक पैकेट मिठाई व पटाखों के साथ ही अन्य सामठाी 100 परिवारों को उपहार स्वरूप दी। इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका का विशेष सहयोग रहा। यूनेस्को सदस्यों ने शहर के नेहरू विहार, कुवाड़ा व ईरास सहित कई गरीब बस्तियों में बच्चों संग दीपावली मनाई। साथ ही उन्होंने अन्य सदस्यों से भी गरीब बच्चों के त्योहारों की खुशिया साझा करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जैन, सचिव जगदीश चन्द्र मून्दड़ा, पूर्व अध्यक्ष देवकिशन आचार्य, हरनारायण माली, श्रीमती मधु लोढा, विशाल विजयवर्गीय, चिरंजीलाल टांक, रामचन्द्र मून्दड़ा सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## संत आचार्य श्री तुलसी की 111वी जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई

**अजमेर,** (कासं)। अणुव्रत आंदोलन के प्रणेता, भारत ज्योति राष्ट्र संत आचार्य श्री तुलसी की 111वी जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। अजमेर अलवर समिति के अध्यक्ष बिल सामान्य बताया कि स्थानीय तेरापंथ भवन में इस युग की महान संत अमृत आंदोलन के प्रणेता आचार्य श्री तुलसी को श्रद्धा के साथ स्मरण किया गया इस अवसर पर उन्हें अचल तुलसी के अवदानों पर प्रकाश

- समारोह में तुलसी अवदानों पर प्रकाश डाला



अजमेर में आचार्य श्री तुलसी की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।

डाला तथा अमृत दिवस पर आयोजित समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत किया दीपावली के बाद द्वितीय को जन्मे इस दूज के चांद को पूरे विश्व में महान युग दस्त के रूप में सदैव स्मरण किया जाएगा अणुव्रत समिति द्वारा अणुव्रत दिवस पर अणुव्रत संकल्प यात्रा के बैनर का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष बी एल सामरा एवं उपाध्यक्ष मदन लाल गेलडा तथा मंत्री मनीष महनोत और वरिष्ठ श्रावक बाबू लाल छाजेड, संतोष चन्द्र मेहता एवं अशोक छाजेड भी उपस्थित रहे कार्यक्रम के प्रारम्भ मे आचार्य श्री तुलसी द्वारा रचित अणुव्रत गीत का संगान समवेत स्वर में श्रद्धा पूर्वक किया गया और इस शताब्दी के महा मानव आचार्य तुलसी को मानवता के मसीहा के रूप स्मरण कर वंदन नमन किया। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष बी एल सामरा ने दूज के चाँद के रूप मे अवतरित इस महान संत को श्रद्धा सुमन के साथ नमन स्मरण और अभिवंदन के बाद सभी उपस्थित लोगो को दीपवाली की बधाई और शुभकामनायें देने के पश्चात सूचित किया कि वे अणुव्रत आंदोलन वर्तमान अनुशास्ता आचार्य श्री महश्रमण जी के सान्निध्य में समायोजित अणुव्रत विश्व भारती के 75 वे राष्ट्रीय अधिवेशन मे अजमेर अणुव्रत समिति का प्रतिनिधित्व करने सूरत गुजरात जाने के लिए प्रस्थान कर रहे है।

## शिलान्यास समारोह 18 को

**राजसमंद,** 3 नवम्बर। अखिल विश्व गायत्री परिवार राजसमंद द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन पर जगेला गांव, कोठारिया नाथद्वारा में बनने जा रहे गायत्री धाम का शिलान्यास समारोह 18 नवंबर को प्रात: 9 बजे से होगा। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक गिरजा शंकर पालीवाल ने बताया कि इस समारोह आयोजन की भव्यता को देखते हुए गायत्री परिवार के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक गायत्री धाम कोठारिया में वरिष्ठ गायत्री परिजन भंवरसिंह चौहान और शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि घनश्याम पालीवाल के सानिध्य में संपादित हुई। बैठक में विभिन्न कार्यों के दायित्व के प्रभारी नियुक्त किए गए। अब तक के प्रचार -प्रसार की समीक्षा कर पूरे क्षेत्र में संघन प्रचार -प्रसार करने के दायित्व देकर क्षेत्रवार टोलियां गठित की गई। जिसमें टैंट व माइक व्यवस्था, भोजन एवं जल व्यवस्था, आवास व्यवस्था, अनुदान काउंटर व्यवस्था के दायित्व दिए गए। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी, मंडल के चारों सांसद महिमा कुमारी मेवाड, सीपी जोशी, मन्नालाल मीणा आदि मौजूद थे।

## सांपला गांव में गाय मेले का आयोजन

**सरवाड़** । निकटवर्ती सांपला ग्राम में शनिवार को सुप्रसिद्धब गया वहीं मेले में हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने भाग लिया वहीं भगवान गोपाल महाराज के दर्शन किये इस अवसर पर पंडित प्रहलाद चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि मंदिर से बेवाण 11 बजे रवाना हुआ जो राम चौक से होते हुए मुख्य बाजार होता हुआ रावला चौक पहुंचा जहां भगवान गोपाल महाराज के अनन्य भक्त अहिल्या बाई को एक चमत्कारी झांकी के माध्यम से दर्शन कराए गए गाय ने लगाई बेवाण की परिक्रमा इस चमत्कारी झांकी के दर्शन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं वहीं यह मेला हर साल की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ भरा वहीं दोपहर को भगवान के बेवाण को कीर्ति स्तंभ पर लाया गया जहां ठीकरे को लेकर गायों के बीच में पूजा अर्चना की गई और उसे गंगाजल छिड़क कर गायों के बीच घुमाया गया वहीं शाम को करीब पौने पांच बजे ठीकरे के माध्यम से एक लाल रंग की गाय भीड़ में से होती हुई बेवाण के पास पहुंची और नीचे से निकल गई इस दौरान पूरा वातावरण द्वारकाधीश के जयकारों से गूंज उठा बेवाण के नीचे से निकली गाय को भगवान की परिक्रमा लगवाकर लड्डू खिलाया गया वहीं भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी वहीं यह मेला 600 साल से भर रहा है सांपला का गाय मेला एक अनोखा अनुष्ठान है जिसमें जिस रंग की गाय ठीकरे के माध्यम से बेवाण के नीचे से होकर निकलती है उसी से आसपास के क्षेत्र में भविष्य के बारे में अनुमान लगाया जाता है इस बार लाल गाय निकलने को अच्छे जमाने के संकेत माना जा रहा है किसान लोग भी अब इसके आधार पर ही खेतों में फसल की बुवाई करेंगे यह मेला पिछले 600 सालों से भरता आ रहा है जिसमें आसपास के क्षेत्र के अलावा देशभर से श्रद्धालु शामिल होते हैं अन्नकूट के दिन यहां गांव में भगवान की सवारी निकाली जाती है तथा बड़ी संख्या में गांव के कीर्ति चौक में गायों को इकत्र किया जाता है इन गायों में से कोई एक गाय खुदबखुद भगवान की सवारी के नीचे से निकलकर मंदिर के अंदर तक जाती है इसी दृश्य को देखने के लिए हजारों की तादाद में श्रद्धालु आते हैं भगवान कृष्ण की पूजा से होती है शुरुआत पिछले सैकड़ों सालों से निभाई जा रही इस परम्परा में सबसे पहले भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की।

## 'जिहादी विचारधारा का सबसे बडा चेहरा बन गई है कांग्रेस'

**राजसमंद,** । विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस अब जिहादी विचारधारा का सबसे बडा चेहरा बन चुकी है। उन्होंने कांग्रेस की राजनीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह पार्टी अब देश में तुष्टिकरण, अवैध घुसपैठ और कट्टरपंथियों के संरक्षण का प्रतीक बन गई है। वे सावरकर स्मृति के दीपावली मिलन समारोह में सदस्यों एवं प्रबुद्ध जनों के साथ चर्चा कर रही थी। माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब मुस्लिम लीग के एक नए संस्करण के रूप में सामने आ रही है, जो भारत की सुरक्षा और अखंडता के लिए गंभीर खतरा बन रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगातार आतंकवादियों और राष्ट्र विरोधी तत्वों को समर्थन देना एक दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक बात है। कांग्रेस का नया चेहरा अब उन तत्वों का समर्थन कर रहा है जो देश की एकता और अखंडता को प्रभावित करते हैं। माहेश्वरी ने जनता से अपील की कि वे कांग्रेस की इस विभाजनकारी और राष्ट्र विरोधी राजनीति के खिलाफ खडे हों और देश की सुरक्षा तथा अखंडता को बनाए रखने के लिए एकजुट हों। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का यह रवैया देश के संविधान और सामाजिक ताने-बाने को तोडने वाला है। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि यह समय की मांग है कि जनता तुष्टिकरण और अवैध घुसपैठ के खिलाफ खडी होकर एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करें और कांग्रेस की विचारधारा का मुखर विरोध करें। प्रदेश की शांति, समृद्धि और प्रगति के लिए जलाए दीपक दीपावली पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रदेश में शांति, समृद्धि और विकास की कामना करते हुए दीप प्रज्वलित किए। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आग्रह का अनुसरण करते हुए प्रदेश की उन्नति और जन मंगल के लिए एक दीपक जलाने की अपील को साकार किया। वे सावरकर स्मृति के दीपावली मिलन समारोह में भाग ले रही थी। माहेश्वरी ने प्रदेशवासियों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की प्रेरणा देता है। इस दिन हम सभी को अपने जीवन में सकारात्मकता का दीप जलाकर समाज और प्रदेश की उन्नति में योगदान देना चाहिए।

## सात दिवसीय श्रीमद्भागवात कथा आज से

**अजमेर,** (कासं)। शास्त्री नगर विस्तार श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 4 से 10 नवम्बर को किया जाएगा। श्रीमद्भागवात कथा को लेकर रविवार को डॉ. कृष्णा नंद गुरुदेव कथा वाचक के सानिध्य प्रेसवार्ता आयोजित हुई।

सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की जानकारी देते हुए कथावाचक डॉ. कृष्णानंद महाराज व मीडिया प्रभारी डॉ. एसडी मिश्रा ने बताया कि बैठक में शास्त्री नगर विस्तार विकास

- निकलेगी भव्य कलश यात्रा
- लाड़ली घर की दृष्टि बाधित छात्राएं करेंगी सुंदर कांड पाठ

समिति, श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रबन्धक समिति, यूथ क्लब शास्त्री नगर विस्तार एवं शास्त्री नगर विकास समिति, शिव मंदिर समिति, प्रभात फैरी मंडल सहित अन्य समाजसेवी संस्थाएं द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा 4 से 10 नवम्बर तक आयोजित होगी।



श्रीमद्भागवत कथा की जानकारी देते हुए डॉ. कृष्णानंद व मीडिया प्रभारी।

**दृष्टि बाधित छात्राएं करेंगी सुंदर कांड पाठ:** डॉ. मिश्रा ने बताया कि कथा शास्त्री नगर स्थित भक्त प्रहलाद पार्क नम्बर तीन होगी, जहां प्रति दिन दोपहर 1:30 बजे से सायं 5 बजे तक कथा होगी। कथा में लाड़ली घर की दृष्टि बाधित छात्राएं नित्य प्रतिदिन सुंदर कांड का पाठ भी करेंगी। कथा का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ होगा, कलश यात्रा शिव मंदिर शास्त्री नगर से सुबह 11:30 बजे शुरू होगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए 12 बजे कथा स्थल पहुंचेगी।